राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur

हवामहल

बच्चों का झरोखा



01 जुलाई 2023: शनिवार: वर्ष – 04: अंक – 11

छुक छुक रेलगाड़ी

आज की कविता

इंजन और डिब्बे सब बच्चे बने हुए हैं । लोहे की सड़क पर भक -भक, भक-भक भागती जाती है रेल। सब कुछ पीछे छोड़कर बस भागती ही जा रही है। कहाँ रुकेगी ये रेल और कहाँ कहाँ से गुजरेगी ? कौन कौन है इस पर सवार ? जानने के लिए सुनते हैं ये कविता । चित्र पर क्लिक करें।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। Jingle Toons

सबसे पहला घर

आज की कहानी

कैसा रहा होगा पहला घर ? किसने बनाया होगा ? लाली दाम और किंदरू दाम की कहानी से पता चल सकता है कि घर बनाने का आइडिया कैसे आया। हाथी, सांप और भैंस का इसमें क्या रोल रहा? क्या घर बन पाया ? जानने के लिए सुनते हैं ये कहानी । सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। BookBox

रिंगो बिल्ली

आज की किताब

सड़क पर मिली मित्जी नामकी बिल्ली ने चार बच्चे दिए थे। पर एक बच्चे को कैरल ने घर में पाल लिया। उसका नाम रखा रिंगों। जब वह बड़ी हुई तो कैरल और उसके पति बीमार रहने लगे। पर रिंगों ने कुछ ऐसी खोज की कि वह हीरो बन गई। उसने क्या खोज की ? पढ़ते हैं ये कहानी। पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

लुका छिपी का खेल

आज की गतिविधि

कभी शेर तो कभी हाथी ! कभी चूहा तो कभी बिल्ली ! ये कैसी लुका - छिपी है ? खा गए न चक्कर! पर ये मुमकिन है ! एक ऐसे खिलौने में जिसे बनाना बहुत ही आसान है। बस थोड़ा सा कागज, कैंची और थोड़ी चित्रकारी। देखते हैं इसे बनाने की पूरी विधि। देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

किशोरों में विरोधो से निपटने की संस्कृति

टीचर्स कॉर्नर

किशोर उम्र एक ऐसी अवस्था है जब जीवन के तौर तरीकों को सीखने के साथ ही अपनी भावनात्मक और विचारात्मक अभिव्यक्ति को लेकर उथल पुथल चल रही होती है। अमन मदान अपने इस शोधपरक आलेख में इसकी बात कर रहे हैं। पढ़ते हैं पूरा आलेख।

शिक्षकों के लिए। Pathshala

लापता सुंदरी

हमारा पुस्तकालय

सुन्दरी गायब है। तेसम्मा उसे पूरे गाँव में ढूंढ चुकी है। थक हार कर उसने पुलिस में रिपोर्ट लिखा दी है। लेकिन सुंदरी के बारे में जानकर पुलिस वाले हंस रहे हैं। आखिर कौन है ये सुन्दरी और कहाँ मिलेगी? नीतू सिंह की लिखी किताब समीक्षा में हमें पता चलेगा। पढ़ते हैं पराग का ये ब्लॉग ।

शिक्षकों के लिए। Parag

#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 166वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।